सिटी प्लस

रिम्स में सफल सर्जरी, निकाला 8 किलो का ट्यूमर

रायपुर। रिम्स हॉस्पिटल में एक 50 साल की महिला मरीज के पेट की सफल सर्जरी कर 8 किलो का ट्यूमर निकाला गया। मरीज पेट में दर्द, सूजन और माहवारी के दौरान अत्याधिक रक्त स्त्राव की तकलीफ से पीड़ित थी। प्रारंभिक जांच में पता लगा कि पेट में बड़ा गोला है। सोनोग्राफी में पता चला कि यह गोला गर्भाशय में था, जो आकार में ज्यादा बड़ा था। इस गोले को मेडिकल भाषा में फाईबरोइड कहते है। इस प्रकरण में बच्चेदानी का आकार 80 गुना ज्यादा था। 200 ग्राम से ज्यादा वजन वाले फाईबरोईड ट्यूमर को सामान्यतः ऑपरेशन से निकालना पड़ता है, क्योंकि वे अंदर के अव्ययवों को दबाव डालने लगते है। सामान्यतः पाए जाने वाले फाईब्रोइड यूटेरस में खून का बहाव बहुत ज्यादा होता है जिसके कारण सर्जरी के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव का खतरा होता है। इसके कारण यह ऑपरेशन जटिल था। अधिक रक्तस्त्राव होने से मरीज का ब्लड प्रेशर कम होने का खतरा रहता है, जिसे रक्त एवं दवाईयां देकर मेनेज किया जाता है। यह सर्जरी डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, डॉ. डान्डेकर और उनकी टीम ने की। सर्जरी के बाद फाइब्रोइड युटेरस निकाला गया, जिसका वजन 8 किग्रा था। मरीज को दो दिन आईसीयू में रखा गया। अब मरीज स्वस्थ है। रिम्स के सीईओ जसपाल भामरा ने बताया कि यहां मरीजों को कम खर्च पर सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

हमलावर के वीक पाइंट पर करें अटैक

सिटी रिपोर्टर • लायंस क्लब रायपुर शिखर ने कटोरा तालाब स्थित संत कंवर राम शासकीय स्कूल में तीन दिवसीय कराते क्लास का आयोजन किया। इसमें एक्सपर्ट ने मुट्ठी, नासिका और चेस्ट प्रहार करने की टेक्निक ... करें तो उसके वीक पाइंट पर वार करें।